कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी, फिरोजाबाद।

पत्रांकः फिरो0/नॉनपी0जी0जे0आर0/2019/43 दिनांक 18/02/2019

विज्ञप्ति

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी, फिरोजाबाद के निम्नलिखित विभागों में ट्यूटर/नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट के अस्थाई पदों पर निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पदों का विवरण

क0 स0	विभाग का नाम	अनु0 जाति	अनु0 जनजाति	अ0पि0व0	सामान्य	कुल योग
1	एनेस्थीसिया	01	-	01	01	03
2	एनाटोमी	01	-	-	02	03
3	बायोकैमिस्ट्री	-	-	02	01	03
4	डेन्टेस्ट्री	-	-	-	01	01
5	ई0एन0टी0	01	-	-	-	01
6	फोरेन्सिक मेडिसिन	-	-	-	01	01
7	ऑब्स एण्ड गायनी0	01	-	01	02	04
8	मेडिसिन	01	-	02	03	06
9	माइक्रोबायोलोजी	-	-	01	-	01
10	ऑफ्थलमोलोजी	-	-	-	01	01
11	ऑर्थोपीडिक्स	01	-	-	01	02
12	पीडियाट्रिक्स	-	-	01	01	02
13	पैथोलोजी	-	-	01	-	01
14	फार्माकोलोजी	-	-	-	01	01
15	फिजियोलोजी	01	-	01	01	03
16	साइकेट्री	-	-	-	01	01
17	स्किन एण्ड वी0डी0	01	-	-	-	01
18	कम्यूनिटी मेडिसिन (एस0पी0एम0)	-	-	-	01	01
19	सर्जरी	01	-	02	03	06
20	टी0बी0सी0	-	-	01	-	01
21	ब्लड बैंक	01	01	-	02	04
	कुल योग	**10**	**01**	**13**	**23**	**47**

उपरोक्त पदों हेतु एम0सी0आई0 मानकों के अनुरूप शैक्षिक अर्हता एम0बी0बी0एस0/बी0डी0सी/एम0एससी0 मेडिकल अनिवार्य है। उक्त पदों के लिये अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित है। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा एम0बी0बी0एस0 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा तथा साक्षात्कार में कोई अंक नही दिये जायेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित योग्यता प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की है, उनको प्राप्तांक पर पूर्ण प्रतिशत मिलेगा एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षायें अटैम्प्ट के साथ उत्तीर्ण की है, उनका प्रति अटैम्प्ट एक प्रतिशत प्रति विषय कम कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार लागू होगा। दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को उ0प्र0 शासन की नीति के अनुसार आरक्षण प्रदान किया जायेगा। ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों का जाति प्रमाणपत्र सितम्बर, 2018 से पूर्व का मान्य नहीं होगा। उक्त पदों का अधिकतम कार्यकाल एक वर्ष होगा। जो अभ्यर्थी सत्र 2019–20 हेतु किसी अन्य मेडिकल कालेज में एम0सी0आई0 के निरीक्षण के समक्ष उपस्थिति हुआ है, उस पर विचार नही किया जायेगा।

उक्त पदों हेतु आवेदन एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा की बेबसाइट **www.snmcagra.ac.in** पर निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन भरा जायेगा। बेबसाइट पर **दिनांक 20.02.2019 से दिनांक 23.02.2019** तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एक से अधिक विभाग के लिये अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है।

ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने निम्नलिखित मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्रों एवं अन्य सम्बन्धित अभिलेखों के सत्यापन हेतु दिनांक **26.02.2019 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे के मध्य** प्रधानाचार्य, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के कार्यालय में उपस्थित होगें। अभिलेखों के सत्यापन के समय अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों सहित) लाना अनिवार्य है।
1. हाईस्कूल प्रमाणपत्र 2. एम0बी0बी0एस0/बी0डी0सी0/एम0एससी0 की अंकतालिकाएं एवं डिग्री 3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट 4. परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 5. अटैम्पट सर्टिफिकेट 6. आरक्षित श्रेणी का नवीनतम प्रमाणपत्र।

प्रधानाचार्य,

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3, विकास भवन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, फिरोजाबाद।
4. नोटिस बोर्ड– कालेज एवं केन्द्रीय पुस्तकालय, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
5. वार्डन, एस0बी0एच0/पी0जी0 छात्रावास/महिला छात्रावास, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
6. प्रभारी अधिकारी, बेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रधानाचार्य,